U.N.I. F.N.P.O. I.N.T.U.C

ना पहाड़ों से डरते, ना तूफानों से डगमगाते हैं, जो तूफानों से टकराते हैं
और डाक कर्मचारियों के दु:खों को दूर करने के लिए लड़ते हैं उसे
FNPO-NUPE Postmen & Group-D/MTS Union कहते हैं।।




# POSTAL PRAKASH

सी.एच.क्यू., दलवी सदन, खुर्शीद स्क्वायर, सिविल लाईंस, दिल्ली-110054

ANNUAL SUBSCRIPTION Rs. 50/- Single Copy Rs. 5/-

Editor : T.N. RAHATE Vol. No. XXIX - No. 12 DECEMBER, 2013

## HINDI ISSUE

Contents

**Page 1**
Happy New Year 2014

**Page 4**
जनरल सेक्रेटरी रिपोर्ट

**Page 6**
Minutes of NUPE P-IV held at Ahmedabad, Gujarat, 30-5-2013 to 1-6-2013

**Page 11**
केंद्रिय कार्यसमिति अहमदाबाद 30-5-2013 से 1-6-2013

### CHQ Quota

All the Divisional Secretaries / Branch Secretaries are requested to send CHQ Quota of **Rs. 9/- (Rs. Nine)** each member per month with effect from August 2012 to **Shri Jagdish Sharma, Treasurer (CHQ), Camp : I.P.H.O., New Delhi-110002.** M.: 09911 226062/ 09899 608399 / 08595 045985 as early as possible.

## Happy New Year 2014

I on my own behalf and on behalf of FNPO and National Union of Postmen Group 'D'/MTS, CHQ wish you all a happy and prosperous New Year 2014.

In the year 2013 CHQ held two CWC. First one at Ahmedabad (Gujarat) during 30th May, 2013 to 1st June, 2013 and second CWC was held at Jabalpur (M.P.) from 28th November to 30th November 2013. In both the CWC the work of our Union organisation was scrutinized.

On behalf of CHQ, details of all the work undertaken for last six months by the CHQ was presented in the book form in CWC. Everyone appreciated the efforts taken by General Secretary to publish these reports and congratulated him.

During the year 2013 we have faced number of problems and we faught with them through JCA and even from our own platform of NU P-IV and FNPO in Maharashtra Circle, the case of withdrawal of Trade Union facility of Secretaries of National Union by the concerned Superintendent of Post, Ratnagiri was a unique one. But we can say with proud that NU P-IV and FNPO together faught with Administration from Branch level to Directorate and in last succeeded to

Union

**Journal of The National Union of Postal Employees, Postmen and Group 'D'/MTS**
P&T Colony, Civil Lines, New Delhi-110054. **Tel.:** 23818330 • **Email :** tnrahate@yahoo.com
**Shri T.N. Rahate** (General Secretary) **M.:** 08080070500, 09869121277
**Web** : www.nupepostmen.org • www.nupepostmenp4.blogspot.com

get the problems solved and Trade Union facilities of our National Union Secretaries of Ratnagiri Division restored.

The Directorate issued Orders for abolition of Posts of 1st April, 2005 to 31st March, 2008. We with NFPE P-IV moved to Principal CAT and obtained stay, but unfortunately Directorate is adamant in the issue and we have to **lodge case of Contempt of Court against** Department.

In case of payment of Bonus to GDS ceiling of Rs. 3500/- at par with Departmental Employees we have succeeded and for year 2012-13 the payment is made @ Rs. 3500/- to all GDS.

7th CPC has been announced by the Government of India. We have to prepare a good memorandum for submission to Chairman 7th CPC the name of which is to be nominated shortly before announcement of general election.

FNPO and NFPE decided to go on nationwide Indefinite Strike if the demand of inclusion of GDS for 7th CPC purview, regularisation of casual labour, part time, contingent employees and revision of their wages w.e.f. 1-1-2006 (as per 6th CPC wage revision) and grant of DA, merger of 50% DA with pay for all employees including GDS.

This decision has been taken in Central JCA meeting of FNPO and NFPE held on 19-10-2013 under the Chairmanship of Shri T.N. Rahate, President FNPO.

In the year 2014 India Post will be improving its technology through TCS. So everyone has to accept the change in technology and learn computer operations compulsorily.

We hope that we will succeed to get our demands settled with the new Government coming into power.

With New Year's Greetings.

Editor
- T.N. Rahate

## नववर्ष 2014 के आगमन हेतु शुभकामनाएं

मेरी अपनी ओर से तथा CHQ की ओर से आप सभी को नववर्ष 2014 के आगमन हेतु अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

हमारे अपने संगठन नैशनल यूनियन पोस्टमैन ग्रुप डी एवं MTS तथा अपने फेडरेशन के लिए विगत वर्ष 2013 संघर्षपूर्ण रहा। हमारे लिए गर्व की बात है कि हम अपने GDS भाईयों को साल 2012-2013 की बोनस रु. 3500/- की दर से दिलवाने में कामयाब हुए।

हमारे संगठन CHQ की साल 2013 में दो CWC हुई। एक अहमदाबाद (गुजरात) में 30 मई से 1 जून, 2013 तथा पिछली CWC जबलपुर (म.प्र.) में 28 से 30 नवंबर 2013। दोनों ही CWC में हमारे संगठन के कार्यकलापों का जायजा लिया गया। CHQ की ओर से हर 6 माह में कार्यों का विवरण जनरल सेक्रेटरी की पुस्तक रूप में CWC के पटल पर रखा गया। इन रिपोर्टों की सभी सदस्यों ने सराहना की और जनरल सेक्रेटरी को उनके प्रयासों के लिए बधाइयां दीं।

सन 2013 की एक विशेष घटना का उल्लेख आवश्यक है। रत्नागिरी डिवीजन महाराष्ट्र के अपने संगठन FNPO नैशनल यूनियन के दोनों सचिव को संगठन पद पर कार्य करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। रत्नागिरी अधिक्षक के इस आदेश के विरुद्ध संगठन ने शाखा स्तर से डाक भवन तक लड़ाई लड़कर दोनों सचिवों को उनके पदों पर आसीन किया यह एक बड़ी उपलब्धि है।

साल 2013 में डाक विभाग ने 17093 पदों को बर्खास्त कर दिया इस आदेश के विरुद्ध हम NFPE P-IV को साथ लेकर प्रिंसीपल CAT दिल्ली से स्टे आर्डर ले चुके हैं। किंतु डाक विभाग इस पर अड़ गया है। हमें मजबूरन डाक विभाग के विरुद्ध कोर्ट की अवमानना हेतु कोर्ट केस करनी पड़ी है।

नववर्ष 2014 हम सब के लिए एक नया सुसमाचार लेकर अवतरीत हुआ है। हमें 7वे वेतन आयोग के लिए हमारी ओर से मांगपत्र बनाना है। कर्मचारियों के बेहतर वेतनमान और बहुत सारी सुविधाओं की मांग करनी है।

7वे वेतन आयोग में रेगुलर सरकारी कर्मचारियों के साथ डाक विभाग के GDS कर्मचारियों की वेतन संरचना व सेवा शर्ते शामिल हो, सभी कर्मचारियों को 50% महंगाई भत्ता वेतन में विलय, कॅज्युअल, पार्टटाईम, कांटींजेंट कर्मचारियों का नियमित विवरण तथा 1-1-2006 से वेतन निर्धारण। इन मांगों के लिए सरकार से अनुरोध है और यदि इन मांगों को नहीं माना गया तब FNPO एवं. NFPE संगठन राष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहा है। इस विषय पर हमारे FNPO के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री टी.एन. रहाटे इनकी अध्यक्षता में 19-10-2013 की सेंट्रल JCA की मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ है। वर्ष 2014 में लोक सभा चुनाव होने जा रहे हैं। हमें आशा है कि कर्मचारियों के हित में कार्य करने वाली सरकार का गठन होगा और हम बेहतर भविष्य का जो सपना संजोये हैं वह अवश्य पूरा होगा।

2014 में इंडिया पोस्ट में TCS के माध्यम से टेक्नोलॉजी में और अधिक सुधार करनेवाले हैं। इसलिए सभी को नयी टेक्नोलॉजी अपनानी चाहिए व इसके लिए कंप्यूटर सीखना अतिआवश्यक है।

पुनश्च: आप सभी को नववर्ष 2014 के लिए अनेक शुभकामनाएं।

संपादक

**- टी.एन. रहाटे**

## सी.एच.क्यू कोटा

सभी डिवीजनल सेक्रेटरी / ब्रॉंच सेक्रेटरी से अनुरोध किया जाता है CHQ कोटा **रुपये 9/- (नौ रुपये)** प्रति मेंबर प्रतिमाह भेजें। यह चंदा दर अगस्त 2012 से लागू है।

CHQ कोटा **श्री जगदीश शर्मा, खंजाजी (CHQ),**
**कैंप : आई.पी.एच.ओ. नयी दिल्ली-110002,**
**मो.:** 09911 226062 / 09899 608399/08595 045985
को जल्द-से-जल्द से भेजें।

# जनरल सेक्रेटरी रिपोर्ट

1 नवंबर, 2013 से 24 नवंबर, 2013 तक मुंबई में रहा।

8 नवंबर 2013 को महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के साथ एक स्पेशल मीटिंग का आयोजन किया था। इस मीटिंग में महाराष्ट्र सर्कल के रत्नागिरी डिवीजन के हित में चर्चा संपन्न हुई। इस मीटिंग में FNPO के सेक्रेटरी जनरल श्री डी. त्यागराजन, NUPE P-IV के सर्कल सेक्रेटरी श्री के.एस. लामजे, NAPE P-III के सर्कल सेक्रेटरी श्री जे.के. सरदेसाई आदि उपस्थित थे। CPMG महाराष्ट्र सर्कल ने अपनी संगठन के हित में निर्णय लेने का निर्णय लिया, इसके लिए NUPE P-IV की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करते हैं एवं FNPO के सेक्रेटरी जनरल **श्री डी. त्यागराजनजी** भी आभार व्यक्त करते हैं।

9 नवंबर 2013 तथा 10 नवंबर 2013 को मालेगांव डिवीजन में, महाराष्ट्र सर्कल में NU GDS की (महाराष्ट्र सर्कल) की मध्यवर्ती सर्कल कार्यकारिणी की सभा संपन्न हुई। इसमें उपस्थित रहकर सभी उपस्थित कार्यकर्ता, सभासदों को संबोधित किया।

मुंबई में रहते हुए करीबन सारे सर्कल के कार्यकर्ताओं के साथ फोन द्वारा संपर्क में रहा तथा अखिल भारतीय कार्यकारिणी (जबलपुर, मध्य प्रदेश) की तैयारी करता रहा।

26 नवंबर 2013 और 27 नवंबर 2013 को दिल्ली में रहा।

26 नवंबर 2013 को डाक भवन में CGM (MB) और DDGs, Director से मिलकर पोस्टमैन-MTS की समस्याओं पर चर्चा हुई तत्पश्चात डिपार्टमेंटल कौंसिल स्टाफ साईड मीटिंग की तैयारी के लिए NFPE फेडरेशन के ऑफिस में चले गये। स्टाफ साईड मीटिंग में, डिपार्टमेंटल कौंसिल स्टाफ साईड नेतृत्व के लिए (लिडरशिप) FNPO के सेक्रेटरी जनरल श्री डी. त्यागराजन तथा NFPE के सेक्रेटरी जनरल श्री एस. क्रिष्णनजी के नाम का प्रपोज हुआ और चर्चा के बाद सर्व सम्मति से श्री एम. क्रिष्णनजी को नेता (लिडर) स्टाफ साईड के तौर पर नियुक्ति हुई। FNPO के प्रसीडेंट तथा NUPE P-IV के जनरल सेक्रेटरी की ओर से उनको धन्यवाद देता हूं तथा पूरा सहयोग करने का वादा करता हूं।

27 नवबंर 2013 को डाक भवन में डिपार्टमेंटल कौंसिल की मीटिंग हुई तथा कैडर रिस्ट्रक्चरिंग की मीटिंग संपन्न हुई। कैडर रिस्ट्रक्चरिंग के चेयरमैन पोस्टमैन ग्रुप 'डी' MTS को भी कैडर रिस्ट्रक्चरिंग देने के फेवर में है, तथा जल्द से जल्द यह फायनल करने का तय हुआ है। NUPE P-IV की ओर से हमने पोस्टमैन ग्रुप डी MTS की ओर से कैडर रिस्ट्रक्चरिंग के लिए प्रपोजल दिया गया है। हमारे प्रपोजल पर विचार करने के लिए चेयरमैन महोदयजी को व्यक्तिगत रूप से विनंती की गयी है तथा उम्मीद है इसका जरूर फायदा ही होगा।

28 नवंबर 2013 से 30 नवंबर 2013 तक NUPE P-IV (CWC) की मध्यवर्ती कार्यकारिणी सभा जबलपुर (MP) में संपन्न हुई। इस मीटिंग में आये हुए सभी CHQ ऑफिस बेरर्स एवं मेंबरों की रहने की व्यवस्था जगदीश भवन, ITC (BSNL) कॉलोनी, जबलपुर में उत्तम ढंग से की गयी थी तथा चाय, नाश्ता तथा दोनों समय का खाना समयबद्ध मिले इस पर खास तौर से ध्यान रखा गया था। सभा का नियोजन इसी कॉलोनी की कम्युनिटी हॉल में किया गया था। सभा पूर्णसमय चली तथा एजेंडा विषयों पर चर्चा हुई। सभा के आखिरी दिन 30-11-2013 को

इंटक से अखिल भारतीय सेक्रेटरी श्री कृपाशंकर वर्माजी उपस्थित हुए एवं उन्होंने ट्रेड यूनियन द्वारा किये गये कामकाज तथा ट्रेड यूनियन की आज की परिस्थिति और राजनीति पर उद्‌बोधक विवेचन दिया। उनके विचारों से सभी वक्ता प्रफुल्लित हुए और ट्रेड यूनियन के इस दौड़ में हम कहां है इस पर सोचने पर विवश हुए। हमें लड़ना होगा और लड़ेंगे यही निर्धार करते हैं।

वेस्ट बंगाल सर्कल के हमारे साथी एवं CHQ के अध्यक्ष श्री लखन मुजूमदार, सर्कल सचिव श्री शेखर मुखर्जी, वरिष्ठ नेता श्री बी.एम. घोष साहब रेल्वे रिजर्वेशन नहीं मिलने की वजह से CWC में नहीं आ पाये, उनकी कमी रही। CHQ ऑफिस बेरर तथा AP सर्कल के सर्कल सचिव श्री गुलाम रब्बानी बीमार होने के कारण नहीं पहुंचे। तमिलनाडु सर्कल सचिव श्री के. गुणासेखरन किसी कारणवश नहीं पहुंचे इन सबकी कमी खली।

रिसेप्शन कमेटी NUPE P-IV जबलपुर विभाग की ओर से सभी CHQ ऑफिस बेरर्स एवं CHQ मेंबरों को शॉल, श्रीफल, पेन और फूलमाला देकर सम्मान किया गया। इस CWC मीटिंग को बहुत अच्छी तरह से करने के लिए कठोर परिश्रम करनेवाले श्री आर.के. मिश्राजी, श्री आय.एल. यादवजी, श्री मनीष स्वामी, श्री पी.एल. मिश्राजी तथा उनके अन्य सभी साथी अभिवादन के हकदार हैं। मैं उनको CHQ की ओर से अभिवादन करता हूं, उनको धन्यवाद देता हूं तथा उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए FNPO के सेक्रेटरी जनरल श्री डी. त्यागराजनजी इनकी तबीयत ठीक न होने के कारण उन्होंने सेक्रेटरी जनरल FNPO का चार्ज 26-11-2013 से हमें सौंप दिया है। हम चाहते हैं कि उनकी तबीयत में जल्द-से-जल्द सुधार हो व वे पूर्णरूप से तंदुरुस्त होकर अपनी कमान फिर से संभालें।

आप सभी कार्यकर्ता सभासदों को नया साल 2014 की शुभकामनाएं।

आपका साथी
- टी.एन. रहाटे

## स्व. श्री एल.बी. गुरव सर का जाना...

हमारे संगठन को आज जो स्थान प्राप्त हुआ है उसके लिए अनेक नेताओं एवं व्यक्तियों के अथक परिश्रम एवं लगन का परिणाम है। उन व्यक्तियों में स्व. श्री एल.बी. गुरव सर का नाम भी है। वे उच्च शिक्षा विभूषित थे, उनकी शिक्षा पूरी होते ही फॉरेन पोस्ट, मुंबई में क्लर्क की नौकरी मिली और निवृत्ति के समय तक HSG-I की ग्रेड तक पहुंच गये। उनकी पढ़ाई में रुचि एवं कायदे-कानून के ज्ञान का उपयोग हमारे संगठन के पत्राचार में आया। वे कई सालों तक पत्रों की ड्राफ्टटिंग करते रहे। CHQ की ओर से मुंबई ऑफिस से जो भी पत्राचार हुआ उनकी भाषा एवं विषयों का विवेचन पढ़कर कई अधिकारियों ने प्रशंसा की एवं आश्चर्य व्यक्त किया।

स्व. गुरव सर एक अच्छे डिफेंस असिस्टंट थे। उनकी डिफेंस से अनेक कर्मचारियों की गयी हुई नौकरियां फिर से बहाल की गयीं। ऐसे मेहनती, बुद्धिमान, मिलनसार व्यक्ति का 24 अक्टूबर 2013 की शाम निधन हो गया। निधन के समय उनकी उम्र 82 साल की थी। उनके अंतिम संस्कार में मैं उपस्थित था तत्पश्चात उनके घर जाकर परिवार को सात्वंना देने की कोशिश की। हमारे साथ हमारे मुंबई ऑफिस के सचिव श्री आर.एन. आवटे थे। ईश्वरी इच्छा बलियासी, CHQ/FNPO उनकी स्मृति को अभिवादन करता है और श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी पवित्र आत्मा को शांति प्रदान करे।

## Minutes of NUPE P-IV held at Ahmedabad, Gujarat, during 29th to 30th May, 2013 and 1st June, 2013

The CWC started at 13.30 hours under the Chairmanship of Shri C.P. Nayee.

Shri T.N. Rahate, General Secretary welcomed the President and all Office Bearers of the CHQ and Senior Leaders and all attended invitees and visitors.

He then read out the notice of CWC which was approved by the house. Then as per agenda item the homage was given to all departed souls by observing two minutes silence.

Next item of last CWC Minutes and General Secretary report was placed before house and last CWC Minutes and report were readout by General Secretary page by page. Shri Nayee left the house and Shri Mujumdar hold the Chair of President.

The house approved the General Secretary's report placed before CWC members delegates, visitors and all invitees.

Shri Gulam Rabbani, Andhra Circle addressed house and gave details of increasing membership in Andhra Circle, he briefed the case of Promotion from GDS to MTS by examination and as per Seniority-cum-fitness, workload of Postman, non-cooperation of rival Union. Hoped for better future due to active participation of branch to CHQ level. In Andhra Circle, 2 to 3 Postman are suspended for nondelivery of Speed articles by Union rivals.

Assured for remittance of Quota, Shri G.P. Varma, Circle Secretary, Chattisgarh spoke about remittance of Quota.

Shri Ashok Sharma, Circle Secretary came to manch but inbetween Shri Theagarajan, Secretary General, FNPO entered the hall, he was welcomed by house by clapping and saying "Theagarajan Zindabad."

Then Shri Ashok Sharma, Circle Secretary, Delhi spoke about Delhi Union position and gave details of membership which is now increased though some old members left us. In New Delhi 135 members have increased, they gave details and told that more than 200 members have joined our National Union.

Then he spoke about shortage of Postman Staff. Requested for strong agitation for filling up of all vacant post, assured for remittance of Quota.

Shri Jaipal Singh, Circle Secretary, Haryana spoke about position of his Circle.

Then Shri Theagarajan, Secretary General, FNPO addressed the House and talked about Postman norms and shortage of Postman, briefed about Postman Committee, abolition of Posts and Postman norms. CAT case Stay in Delhi Principal CAT in R/O abolition of

Posts. Postman work will not change but overall change will be of Postal operations after satellite joining programme.

He then gave details of UNI delegation visiting the house at 16.30 today.

He said regarding 2015 7th Pay Commission, 50% merger of DA, asked for quota for FNPO. Was glad to know that our membership is increasing, gave details of Tamil Nadu position, captured the coop societies of Postal Staff.

Shri Kurudigi, CS, Karnataka spoked about stay on abolition of Post, 7th CPC, 50% merger of DA, asked for notice for Postman demand.

Shri Mahesh, AGS from Kerala spoke and told that C/S Kerala could not attend due to some unavoidable matters. He thanked Gujarat Circle for holding CWC.

Shri R.S. Varma, Circle Secretary, MP, briefed that Quota should be send regularly and assured for better functioning.

Shri K.S. Lamje, Circle Secretary, Maharashtra spoke about report submitted by General Secretary in CWC. And said we are ever increasing membership in Maharashtra, remitting regular quota is being collected in Circle CWC. Talked about CAT stay on abolition of Post, asked for decision of agitation, asked for Shri C.P. Nayees retirement farewell.

Shri Anant Patil, Circle Secretary, Foreign Post said that Shri Rahate is cooperative in solving problems of Foreign Post.

Shri Surendra Kumar, Circle Secretary, Punjab Circle spoke about shortage of staff, heavy workload of Postman.

Shri Shekhar Mukherjee, Circle Secretary, West Bengal said we have increased membership every year. This year 200 members have enrolled in NUPE P-IV, asked for regular examination for promotion from GDS to enable us to enroll new members.Also spoke about kit items, faulty umbrella, detailed about poor quality of kit items, delivery of Speed Post.

In between speech of Shri Shekhar Mukherjee, Shri C.P. Nayee took the Chair of President. Shekhar pointed out that RJCM of West Bengal tenure completed in the month of January 2012 (three years tenure) now turn of NUPE P-IV is due. Secretary General, FNPO be requested to fill up the post by nominating Circle Secretary, NUPE P-IV, West Bengal as member RJCM.

Shri Gunsekharan, Circle Secretary Tamilnadu, thanked CWC and appreciated General Secretary Report.

Shri Parsuram Gupta, Circle Secretary UP, rotation of beat should be abolished. Double beat should be for one or two days only.

Shri Ashok Sharma, Circle Secretary, Bihar, spoke about quota position of Bihar, Uniform to MTS.

Shri Solanki, Circle Secretary, Gujarat spoke and told that Gujarat Circle is having 3rd position in membership under the leadership of Shri C.P. Nayee. Talked about question papers of GDS promotion case, cycle allowance, apologised for stay problems of CWC members.

Shri Satishchandra, Delhi gave details of increase in membership of Delhi.

Shri Shailesh Parmar, Gujarat Circle praised Shri C.P. Nayee, for his work of Union.

Shri K.M. Parmar, Gujarat spoke for vacant post, Speed Post, nodal delivery, shortage of staff, requested General Secretary to write CPMG to come up with the rule of development of Gujarat as Postal side also.

Shri T.N. Rahate spoke about Nayee's role and his team of Gujarat Circle about membership and quota and requested that after retirement of Shri C.P. Nayee, Gujarat members of NUPE P-IV should rise for the occasion.

Inbetween this, the Japanese delegation of UNI entered the hall. They were welcomed heartily by the house. Shri Theagarajan, Secretary General gave introduction of guest Shri Ettchi Ito and Shri Masuru Honda.

Shri Rahate asked the Circle Secretaries to give garland to the guests one by one.

There was huge garland gathered on dais. Then Shri Ito talked about his status of Postman in Japan, his entry in Department of Posts of Japan and gave other particulars of Postal Services in Japan.

Shri Honda spoke in Japanese, Tokyo which was translated in English by Shri Ettchi Ito and it was translated in Hindi by one lady.

Shri D. Theagarajan spoke on the occasion giving details of Postman position from 1990 to 2012 and focused on better financial position and said our sons daughter are studying and are doctors, lawyers, engineers due to efforts of Union and Shri T.N. Rahate's efforts.

Then guests left the hall and then again CWC continued.

Smt. Vani, lady member spoke and gave thanks for allowing her to talk before us.

Shri Thrivikraraman Nair, Ex AGS, Kerala spoke on the occasion.

Shri N.K. Naik Secretary to General Secretary spoke about Japanese UNI delegation.

Shri Hanifa, Kerala spoke that he is very much pleased to attend the CWC.

Shri P.V. Subramaniyam, Ex General Secretary spoke on the issues related to the Postmen & Group 'D'.

Shri Gadgil Guruji spoke on the occasion.

Shri Awate, Office Secretary, CHQ spoke that whatever work I have done is due to Shri Rahate. I am working on behalf of Union and then he briefed about type of work, problem of writing, also talked about Quota vacant post.

Shri Ajmer Singh, Ex-Office Bearer, Punjab, spoke on the occasion of CWC concerned to problems related to common Government Servant.

Shri Naresh Chandra Sharma, UP Circle welcomed all and offered thanks.

Shri Bishwas, West Bengal spoke on the CWC gathering.

Shri Sunil Zunjarrao, AGS, CHQ spoke on the occasion about the presence of CWC members. Every Circle Secretary should give details of strength of members. It should be in laptop, asked to increase members of GDS Union also.

Shri V.K. Mathur, Delhi asked delegates about their participation in CWC meeting then described the Delhi situation of past dispute and now 200 new members are enrolled in Delhi Circle.

CWC adjourned till next day.

CWC meeting 31-5-2013 will be continued. Started again at 11.30 hours under the Chairmanship of Shri Lakhan Mujumdar,Working President.

Shri Jagdish Sharma, TRR readout the Quota received Circlewise.

Shri Gulam Rabbani spoke on quota issue.

Shri B.M. Ghosh, senior leader spoke on the occasion of CWC, talked on financial position of CHQ, reflecting membership status.

Then he briefed the future programme of agitation of NFPE P-IV, FNPO P-IV, Joint action of JCA and told the additions made in Charter of Demand of JCA.

Shri Gulam Rabbani suggested some additions in Charter of Demand.

Shri Shekhar Mukherjee West Bengal Circle Secretary raised some difficulties for delivery wearing half pants.

Shri Ashok Sharma, Circle Secretary Delhi supported the proposed agitation.

Shri K.S. Lamje, Circle Secretary, Maharashtra raised the issue of abolition of vacant posts. Stay by Principal CAT and future of those post. He gave full support for proposed programme.

Shri Ashok Sharma, Circle Secretary, Bihar supported the agitation programme alongwith the Circle Secretary, Chattisgarh, Haryana, Karnataka, Kerala AGS CHQ, MP, Punjab, Tamil Nadu, UP, Shri Sunil Zunjarrao AGS, Nareshchandra Sharma, Ajmer Singh, Mathur, Lakhan Mujumdar.

CWC adjourned for lunch.

CWC commenced at 15.00 hours under the Chairmanship of Shri Nayee.

Shri T.N. Rahate spoke in detail as per agenda item.

Shri Gulam Rabbani announced that he is preparing for next AIC at Tirupati Balaji.

Shri Rahate announced that next CWC will be held at Jabalpur during October-November 2013.

Shri T.N. Rahate then honoured Shri C.P. Nayee by CHQ. Shri Nayee's satkar served by various Circles.

Due to retirement of Shri C.P. Nayee the post of President and some other post fell vacant by one or another reason hence on those posts following Office Bearers cooped on these posts as below-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | President | Shri L. Mujumdar | West Bengal |
| 2. | Working President | Shri A.K. Solanki | Gujarat |
| 3. | Vice President | Shri Jaipal Singh | Haryana |
| 4. | Dy. General Secretary | Shri V.K. Mathur | Delhi |
| 5. | Org. Secretary | Shri R.K. Mishra | MP |

Shri C.P. Nayee spoke on the occasion and described his tenure in Union and service. Then Shri Kurudigi AGS offered vote of thanks. CWC concluded.

- CWC President

## Resolutions

Following resolutions were unanimously passed in the CWC.

1. Resolve for abolition of all nodal delivery centres in country particularly case of West Bengal and Karnataka Circle.
2. Resolve for filling up posts of Member RJCM in West Bengal, Andhra and Circles those are due for change due to completion of tenure of present members.
3. Resolve for timely holding meeting from Division to CPMG level i.e. monthly, bi-monthly, four monthly meetings.
4. Resolve to fill up all vacant posts of Postman, Group 'D' MTS staff within 30th June 2013 as directed by Department.
5. Resolve to stop harassment of Postman Group 'D' MTS staff at all levels.
6. Resolve for immediate payment of Speed Post delivery incentive bills.
7. Resolve for timely holding of DPC for promotion of GDS staff for Postman Group D MTS post.
8. Resolve for immediate supply of kit items, i.e. Uniform cloth, umbrella, chappal, shoes, sarees etc.
9. Resolve for immediate finalisation of cadre restructuring of Postman cadre.
10. Resolve to hold Special Examination for GDS to Postman for vacancies of year 2009 to 2012 due to hard questions of last exam, no sufficient candidates declared successful.
11. Resolve to increase double duty allowance (Holiday) to Postman.
12. Resolve to minimise the size and weight of EPP for easy carrying by Postman.

# केंद्रिय कार्यसमिति अहमदाबाद
# 30-5-2013 से 1-6-2013

केंद्रिय कार्यसमिति दिनांक 30-5-2013 को दोपहर 13.30 बजे अध्यक्ष श्री सी.पी. नायी इनके तत्वाधान में प्रारंभ हुई। श्री टी.एन. रहाटे, जनरल सेक्रेटरी ने अध्यक्ष एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया। सभी वरिष्ठ नेतागण एवं आमंत्रित मेहमानों का अभिवादन किया, तदपश्चात् उन्होंने कार्यकारिणी की नोटिस पढ़कर सभी की सम्मति से पारित की। एजेंडा विषयानुसार सभा की कार्यवाही प्रारंभ की। सभी दिवंगत व्यक्तियों के लिए दो पल मौन रखकर भावभरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके उपरांत केंद्रिय कार्यकारिणी के मिनिट्स तथा जनरल सेक्रेटरी की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी। रिपोर्ट के सभी पन्नों को पढ़ने के बाद उसे सदन में पारित किया। इस बीच श्री सी.पी. नायी के स्थान पर (अध्यक्ष) श्री लखन मुजुमदार स्थापित हुए।

श्री गुलाम रब्बानी, सर्कल सेक्रेटरी, आंध्र प्रदेश ने सदन को संबोधित किया तथा सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी, GDS से MTS परीक्षा, पोस्टमैन, वर्कलोड, विरोधी संगठन का असहकार आदि विषयों को स्पर्श किया। आंध्र सर्कल में दो से तीन (2/3) पोस्टमैन का निलंबन का विषय उठाया। नियमित कोटा CHQ को भेजने का आश्वासन दिया।

श्री जी.पी. वर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, छत्तीसगढ़ ने अपने संबोधन में CHQ को देय कोटा भेजने की बात कही।

इस बीच श्री डी. त्यागराजन, सेक्रेटरी जनरल, FNPO का सदन में आगमन हुआ। उनको सभी सदस्यों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से, 'त्यागराजन जिंदाबाद' के नारों से जोर-शोर से स्वागत किया। मंच पर उनके स्थानापन्न होने के उपरांत सदन की कारवाही पुनश्च शुरू हुई।

श्री अशोक शर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, दिल्ली ने सदन को संबोधित किया तथा दिल्ली सर्कल में अपने संगठन की स्थिति, सदस्य संख्या, आदि के बारे में विस्तार से कहते हुए जानकारी दी कि नयी दिल्ली विभाग में 135 सदस्य अपने संगठन से जुड़ चुके हैं तथा संपूर्ण दिल्ली सर्कल में 200 सदस्य अतिरिक्त NUPE P-IV संगठन से जुड़ चुके हैं। उन्होंने पोस्टमैन पदों की कमी का विषय उठाते हुए सभी रिक्त पदों की भर्ती करने हेतु संगठन की ओर से संघर्ष की बात उठाई, तथा CHQ का देय कोटा के बारे में आश्वस्त किया।

श्री जयपाल सिंह, सर्कल सेक्रेटरी, हरियाणा ने सदन को संबोधित किया एवं उनके सर्कल संगठन की स्थिति को अवगत कराया।

इसके उपरांत श्री डी. त्यागराजनजी, सेक्रेटरी जनरल, FNPO ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने पोस्टमैन नॉर्म्स, पोस्टमैन/MTS की कमी, पोस्टमैन कमेटी, रिक्त पदों को रद्द करना आदि विषयों पर चर्चा

की।दिल्ली प्रिंसीपल CAT ने रिक्त पदों को रद्द करने के आदेश विरुद्ध स्थगन आदेश की बात की तथा कहा कि, पोस्टमैन के कार्य प्रणाली में कोई बदलाव नहीं हो सकता किंतु सेटेलाईट प्रोग्राम के अंतर्गत डाक विभाग के अन्य कार्यप्रणाली में बदलाव होने की बात की। उन्होंने यूएनआई के प्रतिनिधि मंडल की अहमदाबाद CWC में 4.30 बजे भेंट देने की सूचना दी। सन् 2015 तक साथ में सातवां वेतन आयोग, 50% महंगाई भत्ते का वेतन में विलय तथा FNPO को कोटा भेजने की बात कही। उन्होंने संगठन की बढ़ती सदस्य संख्या पर आनंद व्यक्त किया तथा तामिलनाडु में डाक कर्मचारियों की सहकारी संस्था पर अपने संगठन ने अधिपत्य स्थापित करने की बात की।

श्री कुर्डुगी, ACS, CHQ ने अपने संबोधन में सातवां वेतन आयोग, 50% महंगाई भत्ता वेतन में विलीन करना, रिक्त पदों को रद्द करने के आदेश पर एवं पोस्टमैन मांगों पर संघर्ष की नोटिस जारी करने की बात कही।

श्री महेश, AGS, CHQ (केरल सर्कल) ने अपने संबोधन में सर्कल सेक्रेटरी केरल की अनुपस्थिति की बात कही तथा गुजरात सर्कल ने इस कार्यकारिणी का आयोजन किया इसके प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री आर.एस. वर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, मध्य प्रदेश ने नियमित कोटा भरने की बात की तथा भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार करने का आश्वासन दिया।

श्री के.एस. लामजे, सर्कल सेक्रेटरी, महाराष्ट्र सर्कल, इन्होंने अपने संबोधन में जनरल सेक्रेटरी द्वारा अपने रिपोर्ट की प्रशंसा की तथा महाराष्ट्र सर्कल में सभासद संख्या बढ़ोत्तरी के विषय में तथा नियमित कोटा सर्कल की कार्यकारिणी के समय पर वसूल कर सभी वरिष्ठ संगठन को नियमित रूप से भेजने की प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। रिक्त पदों को रद्द करने के आदेश पर स्थगन आदेश की बात की। संघर्ष का निर्णय लेने के बारे में कहा तथा श्री सी.पी. नायीजी का सरकारी सेवा से निवृत होने पर केंद्रिय समिति की ओर से सत्कार की बात उठायी।

श्री अनंत पाटील, सर्कल सेक्रेटरी, विदेश डाक मुंबई महाराष्ट्र ने सदन को संबोधित किया तथा विदेश डाक सदस्यों की समस्याओं को सुलझाने के लिए श्री टी.एन. रहाटे द्वारा जो सहयोग मिलता है इसकी सदन को जानकारी दी।

श्री सुरेंद्रकुमार, सर्कल सेक्रेटरी, पंजाब सर्कल इन्होंने कर्मचारियों की कमी तथा पोस्टमैन के काम का बोझ बढ़ने की बात कही।

श्री शेखर मुखर्जी, सर्कल सेक्रेटरी, पश्चिम बंगाल ने अपने संबोधन में इनके सर्कल में प्रतिवर्ष बढ़ रही सदस्य संख्या की बात कही तथा इस वर्ष 200 सदस्य संख्या बढ़ोत्तरी हुई, नियमित रूप से GDS से पोस्टमैन परीक्षा होने की बात पर जोर दिया। किट आयटम निकृष्ट दर्जा आदि पर विस्तार से बात कही। उन्होंने पश्चिम बंगाल में RJCM सदस्य नियुक्ति की बात उठाई तथा इस समय NUPE P-IV की बारी है उस पर सर्कल सेक्रेटरी की नियुक्ति के लिए सेक्रेटरी जनरल FNPO से आग्रह किया।

श्री परशुराम गुप्ता, सर्कल सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में बीट रोटेशन को रद्द करने की मांग की तथा डबल बीट केवल एक या दो दिन तक सीमित करने की मांग की।

श्री अशोक शर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, बिहार सर्कल अपने संबोधन में बिहार से कोटा भेजने संबंध में आश्वासित किया तथा MTS को यूनिफार्म नहीं मिलने की बात कही।

श्री सोलंकी, सर्कल सेक्रेटरी, गुजरात ने कहा कि सदस्य संख्या में गुजरात सर्कल पूरे देश पर तीसरे नंबर पर है। और यह श्री सी.पी. नायी के सफल नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने GDS से पोस्टमैन परीक्षा के लिए पेपर की कठिनाइयों की बात की। सायकिल आलाउंस न मिलने की शिकायत की। केंद्रिय कार्यकारिणी के सदस्यों से क्षमा मांगी क्योंकि उनके ठहरने की व्यवस्था उचित ढंग से नहीं की गयी थी।

श्री सतीशचंद्र, दिल्ली सर्कल में सदस्य संख्या बढ़ोत्तरी के बारे में विस्तार रूप से बात की।

श्री शैलेश परमार, गुजरात सर्कल ने श्री सी.पी. नायी के संगठन नेतृत्व की प्रशंसा की।

श्री के.एम. परमार, गुजरात सर्कल ने अपने संबोधन में रिक्त पद, स्पीड पोस्ट, नोडल डिलीवरी, कर्मचारियों की कमी आदि पर प्रकाश डाला। जनरल सेक्रेटरी महोदय ने इन विषयों पर CPMG, गुजरात सर्कल को चिट्ठी लिखने का आग्रह किया।

श्री टी.एन. रहाटे, सदन को संबोधित करते समय श्री सी.पी. नायीजी की भूमिका और इनके नेतृत्व में गुजरात सर्कल के कार्यकर्ता की प्रशंसा की तथा नियमित रूप से कोटा CHQ को नहीं आने की शिकायत की। श्री सी.पी. नायी के निवृत्त होने पर गुजरात सर्कल के कार्यकर्ताओं को एकजूट होकर संगठन को आगे जाने का प्रयास करने की सूचना दी।

इनके भाषण के दौरान UNI के जापानी प्रतिनिधि मंडल का श्री डी. त्यागराजन के नेतृत्व में सदन में आगमन हुआ। मंच पर उपस्थित सभी सदस्यों ने खड़े होकर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। श्री डी. त्यागराजन, सेक्रेटरी जनरल, FNPO ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्य श्री इटो एवं श्री होंडा का सदन को परिचय दिया। तदपश्चात श्री रहाटे की सूचनानुसार हर एक सर्कल सेक्रेटरी ने दोनों सदस्यों को पुष्पमाला अर्पित की। मंच पर पुष्पमालाओं का बड़ा ढेर-सा जमा हुआ था। श्री ईटो ने सदन को संबोधित करते हुए उनके जापानी पोस्टऑफिस में नियुक्ति से लेकर आज तक की स्थिति पर प्रकाश डाला। श्री मसुरू होंडा ने जपानी भाषा में भाषण किया और उसका अंग्रेजी में अनुवाद श्री इची इटो ने किया व हिन्दी में अनुवाद एक महिला कर्मचारी द्वारा किया गया।

श्री डी. त्यागराजन ने इस अवसर पर बोलते हुए 1979 से 2012 इन 32 वर्षों में पोस्टमैन की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बच्चे डॉक्टर, वकील, इंजीनियर हुए इस पर उन्हें गर्व महसूस होता है, यह सब संगठन के प्रयासों का परिणाम है तथा श्री टी.एन. रहाटे के अथक परिश्रम की चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल का सदन से निर्गमन होने के पश्चात फिर से केंद्रिय कार्यकारिणी की शुरुवात हुई।

श्रीमती वाणी, महिला सदस्य ने सदन का आभार प्रकट किया।

श्री त्रिविक्रम नायर, भूतपूर्व AGS ने केरल ने सदन के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी।

श्री नाईक, ऑफिस सेक्रेटरी मुंबई ऑफिस ने अपने संबोधन में यूनी जापानी प्रतिनिधि मंडल की चर्चा की।

श्री हनिपा, सदस्य, केरल ने केंद्रिय कार्यकारिणी में उपस्थित होने पर खुशी जाहिर की।

श्री सुब्रमण्यम पूर्व जनरल सेक्रेटरी ने सदन में पोस्टमैन ग्रुप डी की मांगों पर अपने विचार प्रगट किये।

श्री गाडगिल गुरुजी ने समोयोचित विचार प्रकट किये।

श्री आर.एन. आवटे, आफिस सेक्रेटरी, CHQ मुंबई ऑफिस ने अपने संबोधन में यह जो कुछ कर रहे हैं इसका सारा श्रेय श्री रहाटेजी को देते हुए संगठन के प्रति कार्यरत रहने की बात की। उन्होंने विस्तारपूर्वक विषयों पर लिखने की बात करते हुए कोटा तथा रिक्त पदों की चर्चा की।

श्री अजमेर सिंह,भूतपूर्व सदस्य, पंजाब सर्कल ने अपने संबोधन में सभी केंद्रिय कर्मचारियों की मांगों के लिए केंद्रिय कार्यकारिणी को कदम उठाने की बात की।

श्री नरेशचंद्र शर्मा, यूपी सर्कल ने सदन के सभी सदस्यों के प्रति स्वागत पर आभार प्रदर्शित किया।

श्री बिश्वास, पश्चिम बंगाल, ने केंद्रिय कार्यकारिणी के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री सुनील झुंजारराव, AGS, CHQ अपने संबोधन में प्रत्येक सर्कल सेक्रेटरी ने उनके सर्कल की सदस्य संख्या विस्तारपूर्वक जानकारी लॅपटॉप पर कराने की बात की तथा अपने संगठन की सदस्य संख्या बढ़ाते समय GDS यूनियन की सदस्य संख्या बढ़ाने की अपिल की।

श्री वी.के. माथुर, दिल्ली सर्कल ने सदस्यों को केंद्रिय कार्यसमिति में भाग लेने की विनती करते हुए दिल्ली सर्कल की स्थिति तथा पिछले संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए आज 200 नये सदस्य बनाने की बात की।

तद्‌उपरांत केंद्रिय कार्यकारिणी की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

आज दिनांक 31-5-2013 को 11.30 बजे श्री लखन मुजूमदार कार्यकारी अध्यक्ष के अध्यक्षता में शुरू हुई।

श्री जगदीश शर्मा, खंजाजी, CHQ ने कोटा स्टेटमेंट सर्कलवाईज सदन में पढ़कर सुनाई।

श्री गुलाम रब्बानी ने कोटा विषय में बातचीत की।

श्री बी.एम. घोष, वरिष्ठ नेता ने अपने संबोधन में CHQ की आर्थिक स्थिति का समीक्षा करते हुए सदस्य संख्या का मूल्यांकन संगठन के आर्थिक कोटा स्थिति से जुड़ा हुआ है इसकी जानकारी दी। उन्होंने NFPE P-IV तथा FNPO P-IV की JCA तथा भविष्य में होनेवाले आंदोलन की समीक्षा करते हुए मांग पत्र पर चर्चा की।

श्री गुलाम रब्बानी ने मांग पत्र नयी सूचनाएं दीं।

श्री शेखर मुखर्जी, सर्कल सेक्रेटरी, पश्चिम बंगाल ने आधी चड्‌डी (half pant) पहन कर डिलीवरी ड्यूटी पर काम करते हुए आनेवाली कठिनाइयों का जिक्र किया।

श्री अशोक शर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, दिल्ली ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया।

श्री के.एस. लामजे, सर्कल सेक्रेटरी, महाराष्ट्र सर्कल ने रिक्त पदों को समाप्त करने के आदेश के विरुद्ध प्रिंसीपल CAT से स्थगन आदेश प्राप्त करने की मांग की और इस विषय पर होने वाले आंदोलन के लिए पूर्ण समर्थन दिया।

श्री अशोक शर्मा, सर्कल सेक्रेटरी, बिहार सर्कल एवं सभी सर्कल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, AGS, CHQ, Circle Secretary, MP, Circle Secretary, पंजाब, सर्कल सेक्रेटरी तमिलनाडु, सर्कल सेक्रेटरी यू.पी., श्री सुनील झुंजारराव, AGS, श्री नरेशनचंद्र शर्मा, श्री अजमेरसिंह, श्री माथुर, श्री लखन मुजूमदार इन सभी ने आगामी आंदोलन के लिए अपना समर्थन प्रकट किया।

केंद्रिय कार्यकारिणी भोजन के लिए स्थगित की।

भोजन उपरांत कार्यकारिणी दोपहर 3 बजे श्री सी.पी. नायी की अध्यक्षता में शुरू हुई।

श्री टी.एन. रहाटेजी ने विस्तारपूर्वक सभी विषयों पर अपने विचार प्रगट किये।

श्री गुलाम रब्बानी ने घोषणा की कि वे अगले अखिल भारतीय अधिवेशन (AIC) तिरूपति बालाजी में करने के लिए तैयार हैं।

श्री रहाटेजी ने घोषणा की, कि अगली केंद्रिय कार्यकारिणी जबलपुर में संपन्न होने जा रही है। इसके पश्चात श्री सी.पी. नायीजी का श्री रहाटे द्वारा CHQ की ओर से सत्कार किया गया। विभिन्न सर्कल की ओर से श्री नायजी का उनके निवृत्ति प्रित्यर्थ सत्कार किया गया।

श्री सी.पी. नायी के निवृत्त होने के कारण CHQ अध्यक्ष पद रिक्त हुआ। इस पद को पुनर्स्थापित करने हेतु केंद्रिय कार्यकारिणी ने निम्न लिखित व्यक्तियों को कार्यकारिणी में सम्मलित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री लखन मुजूमदार | वेस्ट बंगाल सर्कल |
| 2. | कार्यकारी अध्यक्ष | श्री ए.के. सोलंकी | गुजरात सर्कल |
| 3. | उपाध्यक्ष | श्री जयपाल सिंह | हरियाणा सर्कल |
| 4. | डिप्यूटी जनरल सेक्रेटरी | श्री वी.के. माथुर | दिल्ली सर्कल |
| 5. | संगठन सचिव | श्री ए.के. मिश्रा | मध्य प्रदेश सर्कल |

श्री सी.पी. नायीजी ने सदन को संबोधित करते हुए अपने संगठन एवं सरकारी नोकरी के विषय में विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किये।

अंत में श्री कुर्डूगी AGS CHQ इन्होंने सदन में उपस्थित सभी के प्रति CHQ की ओर से आभार प्रकट किये। और अध्यक्षजी के अनुमति से कार्यकारिणी की समाप्ति की घोषणा हुई।

**RNI No. 57368/94** **No. DL (N) / 066/ 2012-14**
**Date of Publication :- 24 of every month** **DECEMBER, 2013**

## केंद्रिय कार्यकारिणी समिति (अहमदाबाद) ने निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये।

1. देशभर के सभी नोडल डिलीवरी सेंटर रद्द किये जाये। विशेषत: पश्चिम बंगाल, कर्नाटक सर्कल आदि।
2. पश्चिम बंगाल तथा आंध्र और जिन सर्कलों में RJCM के सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है, उन सभी पदों पर नये सदस्यों की नियुक्तियां की जाये।
3. समय पर फोर मंथली बायमंथली एवं मंथली मीटिंग करायी जाये।
4. डाक विभाग द्वारा निर्धारित 30 जून, 2013 तक सभी पोस्टमैन/MTS की रिक्त पदों को भरा जाये।
5. सभी स्तरों पर पोस्टमैन, ग्रुप डी MTS कर्मचारियों पर हो रहा उत्पीड़न समाप्त किया जाय।
6. स्पीड पोस्ट डिलीवरी इनसेंटिव का भुगतान तुरंत किया जाये।
7. GDS कर्मचारियों को पोस्टमैन ग्रुप डी के पदों पर जेष्ठता तथा तंदुरूस्ती के आधार पर होनेवाली बढ़ोत्तरी के लिए समयबद्ध DPC ली जाये।
8. डाक विभाग के नियमोनुसार सही समय पर उचित दर्जे की किट आयटम की आपूर्ति की जाये। (वर्दी, कपड़ा, छाता, बैग, चप्पल-जूते, नैपकिन आदि)।
9. दर्जों की पुनर्रचना (cadre restructuring Postmen, Group D, MTS) अविलंब की जाये।
10. सन् 2009 से सन् 2012 के रिक्त पदों को भरने के लिए GDS का एक विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाये क्योंकि पिछली हुई परीक्षा में प्रश्नपत्र अत्यंत कठिन होने के कारण GDS कर्मचारी भारी संख्या में अनुत्तीर्ण हुए। इस परीक्षा के लिए मापदंड दसवी इयत्ता के बराबरी का होना चाहिए।
11. पोस्टमैन डबल ड्यूटी के भत्ते में बढ़ोत्तरी की जाये।
12. EPP वस्तुओं का भार (वजन) तथा लंबाई-चौड़ाई के लिए सुधारित नियम बनाये जाये ताकि इन वस्तुओं का वितरण सुचारू ढंग से हो सके।

• • •

**Owner, Publisher, Printer and Editor T.N. Rahate, P&T Colony, Civil Lines, New Delhi-110054**
**Printed at Vandana Print & Co. 633/634, Daryaganj, Ganj Mirkhan, Delhi-110002**